Title: Need to provide financial assistance to the Government of Bihar for providing basic amenities at tourist centres in the State .

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : उपाध्यक्ष जी, बिहार में बौद्ध, जैन तथा सिख धर्म से संबंधित बहुत से पर्यटन स्थान हैं जिनमें राजगीर, पावापुरी, नालन्दा, बौद्ध-गया, वैशाली, परमा हरमंदिर साहिब, केसरिया उल्लेखनीय हैं। वस्तुतः राजगीर, बौद्ध-गया एवं नालन्दा पूरे विश्व के बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए धार्मिक दृटिकोण से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यदि यहां तक पहुंचने के लिए तीव्र एवं सुरक्षित आवागमन के साधन और ठहराव की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हों तो ये सरकार के सबसे लोकप्रिय पर्यटक-स्थलों के समकक्ष आ सकते हैं। यहां पर आधुनिक संचार एवं परिवहन सविधाएं प्रदान की जाए और पर्यटन संबंधी बुनियादी सुविधाओं और होटल, मनोरंजन पार्क, गोल्फ-कोर्स आदि को भी विकसित किया जाए। इन स्थानों को बुद्धिस्ट स्मारक उत्तर प्रदेश और नेपाल स्थित कुशीनगर, सारनाथ, लुम्बिनी स्थलों से भी सड़क तथा वायु मार्ग से जोड़ने की आवश्यकता है और इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन दिया जाए।